KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
## Biology - MCQ (54)

**1.** मानव शरीर के कोशिकाओं में पाये जाने वाले गुण सूत्र जोड़ो की संख्या है
(a) 21 (b) 22
(c) 23 (d) 24

**2.** गुणसूत्र (क्रोमोसोम), जो मानवों में किसी स्वस्थ मादा शिशु के जन्म को निर्धारित करते हैं, हैं
(a) माँ से एक X क्रोमोसोम तथा पिता के एक X क्रोमोसोम
(b) माँ से एक X क्रोमोसोम तथा पिता के एक Y क्रोमोसोम
(c) माँ से दो X क्रोमोसोम तथा पिता के एक Y क्रोमोसोम
(d) पिता से एक X क्रोमोसोम तथा एक Y क्रोमोसोम तथा माँ से एक X क्रोमोसोम

**3.** मानव शरीर में क्रोमोसोम की संख्या कितनी होती है है-
(a) 23 (b) 46
(c) 44 (d) 42

**4.** पुरुष जीन संघटन होता है -
(a) XX (b) XY
(c) X (d) Y

**5.** नवजात शिशु के लिंग का निर्धारण किससे वंशागत हुए गुणसूत्र द्वारा किया जा सकता है,
(a) माता (b) पिता
(c) माता की माता (d) पिता का पिता

**6.** डी. एन. ए. की द्विकुंडलिनी संरचना किसके द्वारा दी गई थी?
(a) जैकब तथा मोनोड (b) वाटसन तथा क्रिक
(c) एच. जी. खुराना (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7.** DNA की खोज किसने की?
(a) जेम्स वॉटसन एवं फ्रांसिस क्रिक
(b) ग्रेगर मेंडल
(c) जोहान्सन
(d) हरगोविन्द खुराना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**8.** DNA में नहीं पाया जाता
(a) ग्वानीन (b) ऐडीनीन
(c) यूरेसिल (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** निम्न में से किसमें लिंग गुणसूत्र नहीं होते हैं?
(a) बन्दर (b) चीता
(c) तितली (d) छिपकली

**10.** जीन है:
(a) डी.एन.ए. का एक भाग
(b) डी. एन. ए. और हिस्टोन का एक भाग
(c) डी. एन. ए. , आर. एन. ए और हिस्टोन का एक भाग
(d) उपरोक्त सभी

**11.** जीव-कोशिकाओं में आनुवांशिक लक्षणों के नियंत्रण में निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तरदायी है?
(a) एन्जाइम (b) हॉर्मोन
(c) आर. एन. ए. (d) डी.एन.ए
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/ उपरोक्त में से एक से अधिक

**12.** पॉलिन्यूक्लिओटाइड श्रृंखला में क्या समाविष्ट होता है
(a) एक नाइट्रोजनी क्षारक, डीऑक्सीराइबोज शर्करा और फॉस्फेट समूह
(b) एक नाइट्रोजनी क्षारक, राइबोज शर्करा और फॉस्फेट समूह
(c) डीऑक्सीराइबोज शर्कारा, राइबोज शर्करा और फॉस्फेट समूह
(d) केवल एक नाइट्रोजनी क्षारक और फॉस्फेट समूह

**13.** DNA के एक तन्तुगुच्छ (स्ट्रैन्ड) से RNA में आनुवांशिक सूचना के प्रतिरूपण की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(a) स्थानांतरण (b) अनुलेखन
(c) प्रतिकृति (d) उत्परिवर्तन

**14.** 'प्लवमान जीन' (जिंपिंग जीन) के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया था?
(a) ग्रेगर जॉन मेंडल (b) थॉमस हंट मॉर्गन
(c) बारबरा मैक्लिंटॉक (d) वाटसन और क्रिक

**15.** जीन के भीतर अनुक्रम आधार में परिवर्तन कहलाता है-
(a) उत्परिवर्तन (b) प्रतिरूपण
(c) संयोजन (d) प्रजनन

**16.** राइबोजाइम्स होते हैं
(a) डी.एन.ए. (b) आर. एन. ए
(c) प्रोटीन्स (d) इनमें से कोई नहीं

**17.** DNA के दो स्ट्रैन्ड बँधे होते हैं
(a) हाईड्रोजन बंधों द्वारा (b) सहसंयोजक बंधो द्वारा
(c) स्थिर-वैद्युत बल द्वारा (d) वान्डरवाल्स बलों द्वारा

**18.** यदि दिए गए एक पादप के गुणसूत्रों के एक सेट को N द्वारा दर्शाया जाता है। जब द्विनिषेचन होने पर, एक द्विगुणित पादप के युग्मनज और भ्रूणपोष केन्द्रक में गुणसूत्रों के क्रमशः कितने सेट होगे?
(a) N और 2 N (b) 2 N और 2 N
(c) N और 3 N (d) 2 N और 3 N

**19.** DNA के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

1. DNA सभी जीवित जीवों का आनुवंशिक पदार्थ होता है।
2. DNA के सभी खण्ड प्रोटीनों के संश्लेषण को कोडित करते हैं।
3. नाभिकीय DNA प्रति-समांतर चलने वाली दों न्यूक्लिओटाइड शृंखलाओं से युक्त द्वि-कुण्डली होता है।
4. DNA माइटोकॉन्ड्रिया में भी पाया जाता है

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 4

**20.** जीन्स इनसे बने होते हैं-

(a) न्यूक्लिक अम्ल से (b) प्रोटीन से
(c) कार्बोहाइड्रेटस (d) लिपिड्स
(e) उपर्युक्त सभी

**21.** डी.एन. ए. के कुंडलित प्रारूप को पहली बार किसने प्रस्तावित किया था?

(a) वाटसन तथा क्रिक ने (b) फिशर तथा हालडानी ने
(c) लेमार्क तथा डार्विन ने (d) ह्यूगो डी व्रीज ने

**22.** जेम्स डी. वाटसन तथा फ्रांसिस क्रिक का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस खोज से है?

(a) वैक्सीन (b) DNA की संरचना
(c) मलेरिया निवारक औषधी
(d) पेनिसिलिन

**23.** प्रयोगशाला में सर्वप्रथम DNA का संश्लेषण किया था -

(a) मिलर ने (b) खुराना ने
(c) डी. व्रीज ने (d) केल्वीन ने

**24.** DNA में मौजूद शर्करा होती है

(a) ग्लूकोज (b) फ्रक्टोज
(c) डीऑक्सीराइबोज (d) राइबोज

**25.** न्यूक्लीक अम्लों की आण्विक संरचना से संबंधित शोध के लिए फ्रांसिस क्रिक और जेम्स वाटसन के साथ 1962 के नोबेल पुरस्कार का भागीदार, निम्नलिखित में से कौन था?

(a) इर्विन चारगाफ (b) मौरिस ह्यूग फ्रेडरिक विल्किंस
(c) रोजालिंड फ्रेंकलिन (d) फोबस लेवेन

**26.** हिस्टोन प्रोटीनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) हिस्टोन वे प्रोटीन होते हैं, जो माइटोकॉन्ड्रिया झिल्ली में उपस्थिति होते है
(b) हिस्टोन वे प्रोटीन होते है, जो डी.एन.ए. के साथ संगुणन में केंद्रक में मौजूद होते हैं
(c) हिस्टोन वे प्रोटीन होते है, जो साइटोसोल में लिपिड के साथ संबद्ध होते है
(d) हिस्टोन वे प्रोटीन होते हैं, जो साइटोसोल में कार्बोहाइड्रेट के साथ संबंद्ध होते है।

**27.** थैलेसीमिया एक वंशानुगत बीमारी है जो कि निम्नलिखित को प्रभावित करती हे

(a) खून (b) फेफड़े
(c) दिल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आनुवंशिक रोग लिंग-सहलग्न है?

(a) रॉयल हीमोफीलिया (b) टे-सेक्स रोग
(c) पुटीय तन्तुमयता (d) अतिरिक्त दाव

**29.** अधिरक्तस्त्राव है-

(a) एक जीवणु-घटित रोग (b) एक विषाणु-घटित रोग
(c) एक प्रदूषण-घटति रोग (d) एक अनुवांशिक विकार

**30.** हीमोफीलिया एक आुनवांशिक रोग है जिसका वहन :

(a) स्त्रियाँ करती हैं और प्रकट भी स्त्रियाँ है और प्रकट भी स्त्रियों में होता है।
(b) स्त्रियाँ करती हैं और प्रकट पुरुषों में होता है
(c) पुरुष करते हैं और प्रकट स्त्रियों में होता है
(d) पुरुष करते हैं और प्रकट पुरुषों में होता है

**31.** ट्राइसोमी 21 को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?

(a) इवांस सिंड्रोम (b) एडवर्ड्स सिंड्रोम
(c) डाउन सिंड्रोम (d) ग्र बेबी सिंड्रोम

**32.** एक ही जीन के विभिन्न प्रारूप क्या कहलाते हैं?

(a) जीनप्रारूप (b) सहोदर युग्म
(c) युग्मविकल्पी (d) समावयवी

**33.** निम्नलिखित में से किसकी पूर्ण अनुपस्थिति से अवर्णकता अभिलक्षणित होती है?

(a) मेलानिन (b) एल्बुमिन
(c) कोलेस्ट्रॉल (d) बिलिरूबिन

**34.** एक वर्णान्ध (colour- blind) पुरुष का विवाह एक सामान्य स्त्री से होता है जिसके माता-पिता की दृष्टि भी सामान्य थी उनके बच्चों की निम्नलिखित में से कितने प्रतिशत की वर्णान्ध होने की संभावना है।

(a) 25 % (b) 50 %
(c) 100 % (d) 0 %

**35.** वर्णान्ध व्यक्ति इनमें से किस रंगों का भेद नहीं कर सकता ?

(a) पीला और हरा (b) काला और नीला
(c) नीला और हरा (d) उपर्युक्त सभी

**36.** मानवों में गुणसूत्र संख्या 21 की त्रिगुणसूत्रता उत्तरदायी है

(a) हीमोफीलिया के लिए (b) क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम के लिए
(c) डाउन सिन्ड्रोम के लिए (d) टर्नर सिन्ड्रोम के लिए

**37.** जीन प्रोद्योगिकी है-

(a) एड्स से बचने की रक्षा पद्धति
(b) खाद्य फसलों की प्रजाति को विकसित करने की विधि
(c) आनुवांशिक रोगों की पूर्व सूचना प्राप्त करने की तकनीक
(d) मोतियाबिन्द से बचाव की तकनीक

**38.** स्त्रियों की तुलना में अधिक पुरुष वर्णान्धता से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि -
(a) वे अधिक मानसिक तनाव से गुजरते हैं
(b) वे अधिक देर घर से बाहर रहते हैं
(c) उनमें केवल एक X क्रोमोसोम होता है
(d) उनमें साधारणतया: कम चर्बी होती है

**39.** बहुचर्चित 'बबल-बेबी रोग' ऐसा इसलिए कहलाता है, क्योंकि-
(a) यह पानी के बुलबुले के कारण होता है
(b) रोगग्रस्त शिशु लार के बुलबुले बनाता है
(c) रोगग्रस्त शिशु का उपचार जर्मरहित प्लास्टिक के बुलबुले में किया जाता है
(d) इस रोग को पानी के बुलबुले से ही ठीक किया जाता है

**40.** दात्र-कोशिका अरक्तता रोग किसकी अपसामान्यता के कारण होता है है?
(a) श्वेत रूधिर कोशिका (b) लाल रुधिर कोशिका
(c) बिम्बाणु (d) रुधिर प्लाज्मा संयोजन

**41.** दात्र कोशिका अरक्तता रोग है:
(a) क्षाररंजियों का
(b) रक्ताणुओं का (लाल रुधिर/रक्त कोशिकाओं)
(c) पट्टिकाणुओं का
(d) लसीकाणुओं का

**42.** डाउन्स सिन्ड्रोम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही नहीं है?
(a) यह एक आनुवांशिक विकार है
(b) प्रभावित व्यक्ति में समय पूर्व वयोवृद्धि होती है
(c) प्रभावित व्यक्ति में मानसिक मंदन होता है
(d) प्रभावित व्यक्ति में खुले मुँह के साथ खातिकायुक्त जिह्वा होती है

**43.** डाउन सिण्ड्रोम एक आनुवांशिक विकार है, जो होता है -
(a) गुणसूत्रों की संख्या में परिवर्तन के कारण
(b) गुणसुत्रों की संरचना में परिवर्तन के कारण
(c) डी.एन.ए. की संरचना में परिवर्तन के कारण
(d) आर.एन.ए की संरचना में परिवर्तन के करण

**44.** 'प्रोजेरिया' ग्रस्त लोगों का सबसे स्पष्ट प्रमुख लक्षण क्या है?
(a) शरीर पर अधिक बाल
(b) समयानुवर्ती संक्रमण के प्रति कम रोध क्षमता
(c) जरण की अपेक्षाकृत तेज दर
(d) अनुवर्रता से पीड़ित

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा आनुवंशिक रोग नहीं है?
(a) रतौंधी (b) रंजकहीनता
(c) हीमोफीलिया (d) वर्णान्धता

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा लिंग गुणसूत्र में विद्यमान अप्रभावी जीन के निष्पीडन से उत्पन्न होतो है
(a) आमवत (b) तंत्रिता आघात
(c) पेशी दुष्पोषण (d) प्रमस्तिष्क रक्तस्त्राव

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग आनुवंशिक विसंगति नही है?
(a) हीमोफिलिया (b) सिकेल सेल एनीमिया
(c) थैलेसीमिया (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**48.** एक व्यक्ति, जो फेनिलकीटोन्यूरिया रोग से प्रभावित है, निम्न से पीड़ित
(a) वृक्क का फेल होना (b) यकृत का फेल होना
(c) मानसिक जड़ता (d) नपुंसकता

**49.** एक वर्णान्ध पुरुष एक सामान्य महिला से विवाह करता है। वर्णान्धता के लक्षण उत्पन्न होगें, उसके -
(a) पुत्रों में (b) पुत्रियों में
(c) पुत्रों के पुत्रों में (d) पुत्रियों में पुत्रों में

**50.** मैण्डल ने अपने चिरप्रतिष्ठित 'वंशागति नियमों' को प्रतिपादित करने में जिस जीवधारी का उपयोग किया, वह था -
(a) ड्रोसोफिला (b) स्नैप ड्रैगन
(c) गार्डेन पी (मटर) (d) सुगंधित मटर

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (c) | 02. | (a) | 03. | (b) | 04. | (b) | 05. | (b) |
| 06. | (b) | 07. | (e) | 08. | (c) | 09. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (a) | 13. | (b) | 14. | (c) | 15. | (a) |
| 16. | (b) | 17. | (a) | 18. | (d) | 19. | (b) | 20. | (a) |
| 21. | (a) | 22. | (b) | 23. | (b) | 24. | (c) | 25. | (b) |
| 26. | (b) | 27. | (a) | 28. | (a) | 29. | (d) | 30. | (b) |
| 31. | (c) | 32. | (c) | 33. | (a) | 34. | (d) | 35. | (c) |
| 36. | (c) | 37. | (c) | 38. | (c) | 39. | (c) | 40. | (b) |
| 41. | (b) | 42. | (b) | 43. | (a) | 44. | (c) | 45. | (a) |
| 46. | (c) | 47. | (d) | 48. | (c) | 49. | (d) | 50. | (c) |

●●●

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# History -MCQ (54)

1. प्राचीन भारत में किस वंश का शासनकाल 'स्वर्ण युग' कहा जाता है?
(a) मौर्य (b) शुंग
(c) गुप्त (d) मगध

2. बयाना दुर्ग स्थित वरिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ किस काल का माना जाता है?
(a) सल्तनत काल (b) मुगल काल
(c) मौर्य काल (d) गुप्त काल

3. कौन-सा राजवंश हूणों के आक्रमणसे अत्यंत विचलित हुआ?
(a) मौर्य (b) कुषाण
(c) गुप्त (d) शुंग

4. प्रथम गुप्त शासक के बारे में निम्न में कौन जानकारी देता है?
(a) ह्यून-त्संग (b) फाहियान
(c) इत्सिंग (d) वांग-ह्यरुन से

5. आर्यभट्ट द्वारा लिखित पुस्तक है
(a) मणिमेकलई (b) आर्यभटियम
(c) महाभारत (d) आर्य-सिद्धांत
(e) उपर्युक्त में से एक से अधिक/उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से किस गुप्त शाकस ने सर्वप्रिमि सिक्के जारी किए?
(a) चन्द्रगुपत प्रथम ने (b) घटोत्कच ने
(c) समुद्रगुप्त ने (d) श्रीगुप्त ने

7. निम्नलिखत में से किसे भारत का नेपोलियन कहा जाता है?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) हर्षवर्द्धन

8. समुद्रगप्त की सैनिक उपलब्धियों का वर्णन उसके किन अभिलेखों में उपलब्ध है-
(a) एरण के (b) गया के
(c) नालन्दा के (d) प्रयाग के

9. निम्नलिखित प्राचीन भारतीय राजाओं में सके किसकी प्रशंसा प्रयाग प्रशास्ति में अलंकृत शब्दों में की गई?
(a) अशोक (b) हर्षवर्धन
(c) समुद्रगुप्त (d) बिंदुसार

10. इलाहाबाद स्तम्भ शिलालेख निम्नलिखित में से किस एक से सम्बद्ध है?
(a) महापद्म नंद (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) समुद्रगुप्त

11. प्रयाग प्रशस्ति किसके सैन्य अभियान के बारे में जानकारी देती है?
(a) चन्द्रगप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) कुमारगुप्त

12. समुद्रगुप्त के ''प्रयाग प्रशस्ति'' में कोशल के शासक का क्या नाम था?
(a) शिवगुप्त (b) सोमेश्वर देव
(c) महेन्द्र (d) महिपाल

13. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग समुद्रगुप्त के साम्राज्य में नहीं था?
(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) बंगाल (d) कश्मीर

14. निम्नलिखित में से कौन सबसे प्राचीन वाद्य यन्त्र है?
(a) सितार (b) तबला
(c) सरोद (d) वीणा

15. निम्नलिखित में से कौनसा एक, प्रयाग प्रशस्ति' में वार्णित समुद्रगुप्त का गुण नहीं था?
(a) तीक्ष्ण और परिष्कृत बुद्धि
(b) निपुण मूर्तिकार
(c) उत्कृष्ट संगीत प्रस्तुतियां
(d) प्रतिभाशाली काव्य-निपुणता

16. निम्नलिखत में से किस गुप्त राजा का एक अन्य नाम देवगुप्त था?
(a) समुद्रगुप्त (b) चन्द्रगुप्त द्वितीये
(c) कुमारगुप्त (d) उपुर्यक्त में से कोई नहीं

17. फाह्यान ने किसके व्यक्तित्व का विस्तृत विवरण दिया है?
(a) समुद्रगुप्त (b) काचगुप्त
(c) चुन्द्रगुप्त द्वितिये (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. गप्त नरेश चन्द्रगुप्त द्वितीय की दूसरी राजधानी थी-
(a) उज्जैन (b) मालवा
(c) सौराष्ट्र (d) मेहरौली

19. प्रसिद्ध चीनी यात्री फाह्यान ने किसके शासनकाल में भारत की यात्रा की?
(a) चंद्रगुप्त द्वितीय (b) चंद्रगप्त प्रथम
(c) रामगुप्त (d) श्रीगुप्त

20. चाँदी के सिक्के जारी करने वाला प्रमुख गुप्त शासक था
(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) कुमारगुप्त प्रथम

21. वह श्रेणी जो कुमारगुप्त प्रथम के काल में लाट से आकर दशपुर में बस गई थी किस वस्तु के व्यापार में संलग्न थी?
(a) रत्न (b) तैल
(c) लवण (d) पटवस्त्र

22. गुप्तकाल में उत्तर भारतीय व्यापार निम्नलिखित में से किस एक पत्तन से संचालित होता था?
(a) ताम्रलिप्ति (b) भड़ौच
(c) कल्याण (d) काम्बे

23. कुमारगुप्त के मन्दसौर अभिलेख में वर्णित श्रेणी संगठन का नाम था-
(a) तन्तुवाय (b) दन्तकार
(c) कुलिक (d) तैलिक

24. निर्मलिखित में से किस गुप्त शासक ने हूणों पर विजय प्राप्त की?
(a) चन्द्रगुप्त द्वितीय (b) कुमार प्रथम
(c) स्कन्दगुप्त (d) भानुगुप्त

25. किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि स्कन्द्रगुप्त ने हूणों को पराजित किया था?
(a) भीतरी स्तम्भ-लेख (b) इलाहाबाद स्तभ-लेख
(c) मन्दसौर अभिलेख (d) एदयगिरि अभिलेख

26. किसके सोनो के सिक्को में हीन धातु के मिश्रण का प्रतिशत सर्वाधिक है?
(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) काच
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) स्कन्दगुप्त

27. तोरमाणा किस जातीय दल का था?
(a) शिथियन (b) हूण
(c) यूची (d) शक

28. पर्णदत्त को किसने सौराष्ट्र का प्रान्तपति बनाया था?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) रुद्रमान्
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) स्कन्दगुप्त

29. पुंड्रवर्धन भुक्ति अवस्थित थी-
(a) उत्तर बंगाल में (b) बिहार में
(c) ओडीशा में (d) असम में

30. समय के संदर्भ में, नगर घंटशाला, कदूरा तथा चौल किस लिए विख्यात थे?
(a) विदेशी व्यापार करने वाले बंदरगाह
(b) शक्तिशाली राज्यों की राजधानीयाँ
(c) उत्कृष्ट प्रस्तर कला तथा स्थापत्य से संबंधित स्थान
(d) बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थल

31. गुप्त काल में भूमि-कर संग्रह से समबन्धित अधिकारी था?
(a) ध्रवाधिकरण (b) करणिक
(c) महाक्षपटलिक (d) सार्थवाह

32. निम्नलिखित में से एक की अन्य तीन से भिन्न गुणार्थकता है?
(a) सभा (b) नगरम
(c) भुक्ति (d) उर

33. गुप्तकाल में प्रान्तपति किस नाम से जाने जाते थे?
(a) उपरिक महाराज (b) कुमारमात्य
(c) विषयपति (d) राजस्थानीय

34. नगर प्रशासन के प्रसंग में नगर श्रेष्ठा एवं सार्थवाह का उल्लेख निम्नांकित स्थान से प्राप्त गुप्त अभिलेखों में हुआ है-
(a) मध्य प्रदेश (b) पुंड्रवर्धन
(c) अवन्ति (d) सौराष्ट्र

35. साम्राज्य द्वारा निम्न में से किन्हें कर-रहित कृषि भूमि प्रदान की जाती थी?
(a) सैन्य अधिकारियों को (b) सिविल अधिकारियों को
(c) ब्राह्मणों को (d) दरबारी विद्वानों को

36. गुप्त राजवंश के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं।
1. कुमारामात्य सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकारी थे तथा घरेलू प्रान्तों में वे राजा द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियुक्त किए जाते थे।
2. गाँव के मुख्यिा का महत्त्व खत्म हो गया तथा उसकी सहमति के बिना भूमि का लेन देन शुरू हो गया।
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित राजाओं में से किसने 'धर्म-महाराज' की उपाधि धरण की थी?
(a) अग्निमित्र (b) प्रवरसेन प्रथम
(c) हर्ष (d) धर्मपाल

38. निम्नलिखित में से किसने चार अश्वमेध यज्ञ किये थे?
(a) पुष्यमित्र शुंग (b) प्रवरसेन प्रथम
(c) समुद्रगुप्त (d) कुमारगुप्त प्रथम

39. निम्नलिखित में से कौन प्रभावती गुप्ता की माता थी?
(a) कुमारदेवी (b) कुबेरनागा
(c) ध्रवदेवी (d) उपयुक्त में से कोई नहीं

40. गुप्त तथा गुप्तोत्तर अभिलेख में वर्णित 'नल' शब्द का आश्य है-
(a) सिंचाई का साधन (b) भूमि का माप
(c) जलनिकास व्यवस्था (d) अनाज की माप

41. गुप्त काल से गंगा और यमुना नदियों की प्रसिद्ध मृणमूर्तियाँ कहाँ पाई गई हैं?
(a) अहिछत्र (b) कौशाम्बी
(c) राजघाट (d) भितरगाँव

42. सारनाथ की भमि स्पर्श मुद्र वाली बुद्ध प्रतिमा कालांकित है-
(a) कुषाण काल से (b) गुप्त काल से
(c) वर्द्धन काल से (d) राजपूत काल से

**43.** निम्न में कौन एक अभिलेख लौह-स्तम्भ पर पाया गया है?
(a) प्रयाग प्रशस्ति (b) मेहरौली प्रशस्ति
(c) मेहरौली प्रशस्ति (d) जूनागढ़ प्रशस्ति

**44.** कालिदास द्वारा रचित 'मालविकाग्निमित्र' नामक का नायक था-
(a) पुष्यमित्र शुंग (b) गौतमीपुत्र शातकर्णि
(c) अग्निमित्र (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

**45.** महान संस्कृति कवि कालिदास किस शासक के काल में थे-
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(c) कुमार गुप्त द्वितीय (d) समुद्रगुप्त

**46.** कवि कालिदास के नाम का उल्लेख किसमें हुआ है?
(a) इलाहाबाद स्तम्भ लेख में
(b) ऐहोल के उत्कीर्ण लेख में
(c) अलपादु दानलेख में
(d) हनुमकोंडा उत्कीर्ण लेख में

**47.** निम्नलिखित में से कौन गुप्तकाल में अपनी आयुर्विज्ञान विषयक रचना के लिए जाना जाता है?
(a) सौमिल्ल (b) शुद्रक
(c) शौनक (d) सुश्रुत

**48.** नालन्दा विश्वविद्यालय के संस्थापक कौन थे?
(a) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (b) कुमारगुप्त
(c) धर्मपाल (d) पुष्यगुप्त

**49.** ओदन्तपुर शिक्षा केन्द्र निम्न में से किस राज्य में अवस्थित था?
(a) बंगाल (b) बिहार
(c) गुजरात (d) तमिलनाडु

**50.** चीनी तीर्थयात्री जिसने छठी शताब्दी में भारत दर्शन किया-
(a) युआन् च्वांग (b) फाहियान
(c) सुंग युन (d) आइ जिंग

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (c) | 02. | (d) | 03. | (c) | 04. | (c) | 05. | (e) |
| 06. | (a) | 07. | (b) | 08. | (d) | 09. | (c) | 10. | (d) |
| 11. | (b) | 12. | (c) | 13. | (d) | 14. | (d) | 15. | (b) |
| 16. | (b) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (a) | 20. | (c) |
| 21. | (d) | 22. | (a) | 23. | (a) | 24. | (c) | 25. | (a) |
| 26. | (d) | 27. | (b) | 28. | (d) | 29. | (a) | 30. | (a) |
| 31. | (a) | 32. | (c) | 33. | (a) | 34. | (b) | 35. | (c) |
| 36. | (a) | 37. | (b) | 38. | (b) | 39. | (b) | 40. | (b) |
| 41. | (a) | 42. | (b) | 43. | (b) | 44. | (c) | 45. | (b) |
| 46. | (b) | 47. | (d) | 48. | (b) | 49. | (b) | 50. | (c) |

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

## BPSC Mentorship
## Current Affairs - MCQ (54)

**1.** जुलाई 2023 में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार मुें 100 व्यक्तियों पर मोबाईल की उपलब्धता कितनी है?

(a) 45 (b) 55
(c) 65 (d) 75

**2.** 1 जुलाई 2023 से बिहार में प्रारंभ सुभाष चंद्र आवासीय छात्रावास के संबंध मं निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

I) इन आवासीय विद्यालयों में ाग्रवाद प्रभावित बच्चों तथा कोविड 19 में अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई कराई जाएगी।
II) पहले चारण में 7 जिलों में कुल 15 आवासीय स्थापित किए गए हैं।

(a) केवल I (b) केवल II
(c) I एवं II (d) न तो I और न ही II

**3.** देश का दूसरा सबसे बड़ा हड्डी अस्पताल कहां बनया जा रहा है?

(a) पटना (b) मुजफ्फरपुर
(c) दरभंगा (d) भागलपुर

**4.** अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बिहार में अ तक का सबसे बड़ा ब्लड बैंक किस जिलें में बनाया जा रहा है?

(a) नालंदा (b) रोहतास
(c) मुजफ्फरपुर (d) वैशाली

**5.** बिहार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा बाल श्रम मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किस जिले के धावा दल को सम्मानित किया गया?

(a) शिवहर (b) सीतामढ़ी
(c) मधुबनी (d) सहरसा

**6.** बिहार के सि जिले में राज्य के चौथे के एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है?

(a) पूर्णिया (b) कटिहार
(c) किशनगंज (d) मुंगेर

**7.** किसी व्यक्ति द्वारा आपात स्थिति में अपने संबंधियों को संदेश देने के लिए एएन कॉलेज के बीसीए के छात्रों ने किस मोबाइल ऐप को विकसित किया है?

(a) सुरक्षा ऐप
(b) कवच ऐप
(c) रक्षक ऐप
(d) इनमें से कोई नहीं

**8.** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या में के मामले में बिहार का स्थान है–

(a) पहला (b) दुसरा
(c) चौथा (d) अंतिम

**9.** बिहार पशु एवं मत्सरू संसाधन विभाग द्वारा मछली उत्पादन पर जारी रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) वर्ष 2022-23 में बिहार में कुल मछली उत्पादन 8 लाख 46 हजार टन हुआ।
(b) बिहार में सर्वाधिक मछली उत्पादन मधुबनी जिले में हुआ।
(c) सबसे कम मछली उत्पादन जहानाबाद में हुआ
(d) उपर्युक्त सभी

**10.** बिहार के किस व्यक्ति को अमेरिका के कैलिफोर्निया में 2023 हैनसेल लीडरशिप प्रोग्राम के लिए दुनिया के 20 युवाओं में चुना गया है?

(a) गौतम कुमार (b) पीयूष कुमार
(c) संजीव मेहता (d) आलोक गुप्ता

**11.** हाल ही में बिहार के किस जिले के चनपटिया स्टार्टअप जोन में डाकघर निर्यात केंद्र खोला गया है?

(a) पश्चिम चंपारण (b) पूर्वी चंपारण
(c) दरभंगा (d) सुपौल

**12.** पीएम उर्जा गंगा पाइपलाइन के तहत बिहार के कितने जिले लाभान्वित होंगे?

(a) किशनगंज (b) भागलपुर
(c) कटिहार (d) जमुई

**13.** भारत सरकार न स्वच्छ भारत मिशन ग्रमीण के तहत किस जिले के इस्माइलपुर प्रखंड को बिहार का पहला ओडीएफ प्लस मॉडल प्रखंड घाषित किया है?

(a) किशनगंज (b) भागलपुर
(c) कटिहार (d) जमुई

**14.** बिहार की आगामी 'विश्व स्तरीय सांस्कृतिक विरासत सुरंग' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I) इसका निमार्ण पटना में किया जाएगा जो बिहार संग्रहालय एवं पटना संग्रहालय को आपस में जोड़ेगा।
II) इस सुरंग का कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को दिया गया है।
III) इस सुरंग की लंबाई 1.5 किलोमीटर है।

(a) I एवं II (b) II एवं III
(c) I, II एवं III (d) इनमें से कोई नहीं

**15.** भारत सरकार ने बिहार के किस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन स्थल को 'बेस्ट हेरिटेज अवार्ड' प्रदान किया है?
(a) राजगीर (b) नालंदा
(c) बोधगया (d) इनमें से एक से अधिक

**16.** खेलों इंडिया के तहत बिहार के कितने जिलों में खेलों इंडिया सेंटर  खोले जाएंगे?
(a) 25 (b) 33
(c) 35 (d) 38

**17.** टीबी उन्मूलन के तहत बिहार के 5 जिलों को पुरस्कृत किया गया। इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(a) टीबी में 60 प्रतिशत कमी के साथ मुजफ्फपुर एवं समस्तीपुर जिले को गोल्ड मेंडल दिया गया।
(b) 40 प्रतिशत कमी के साथ सिवान को सल्विर मेडल दिया गया।
(c) 20 प्रतिशत कमी के साथ सारण एवं पूर्णिया को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया।
(d) इनमें से काई नहीं

**18.** हाल ही में बिहार के किस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए डीपीआर (डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की अनुमति दे दी गई है?
(a) पटना -भागलपुर (b) पटना-पुर्णिया
(c) पटना-पूर्वी चंपारण (d) पटना-मधुबनी

**19.** अहमदाबाद के साइंस सिटी में साआयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञन कांग्रेस में देश भर के 16 बाल वैज्ञानिकों में बिहार से किस चयन किया गया?
(a) प्रणव सुमन (b) अभय गुप्ता
(c) निर्मल कुमार (d) केशव कुमार

**20.** कला, संस्कृति और साहित्य प्रेमियों के लिए बिहार के किस जिलें में एक विशेष मं. बौद्रिक अड्डा विकसित किया जा रहा है?
(a) गया (b) मुंगेर
(c) भोजपुर (d) पटना

**21.** बिहार के किस जिले के पुरास्थल तेल्हाड़ा के समीप उत्खनन से प्राप्त अवशेषों के प्रदर्शन के लिए तेल्हाड़ा संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है?
(a) नालंदा (b) गया
(c) वैशाली (d) औरंगाबाद

**22.** फरवरी 2023 में दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किन्हें मरणेपरांत चैंपियन ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया?
(a) मैथिलीकरण (b) रामवृक्ष बेनीपुरी
(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) फणीश्वर नाथ रेणु

**23.** बिहार के किस जिले के बाबरचक गांव में राज्य का पहला स्मार्ट विलेज विकसित किया जा रहा है?
(a) बेगूसराय (b) लखीसराय
(c) बांका (d) मुंगेर

**24.** बिहार के सि जिले में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तुप का निर्माण  किया जा रहा है?
(a) नालंदा (b) गया
(c) पटना (d) वैशाली

**25.** हाथीपांव मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में जोड़ने वाला बिहार का पहला जिला कौन बना है?
(a) सहरसा (b) पूर्णिया
(c) कटिहार (d) भागलपुर

**26.** हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार के किस जिले में कोई भी बच्चा अब स्कूल से बाहर नहीं है?
(a) अरवल
(b) सिवान
(c) जहानाबाद
(d) इनमें से कोई नहीं

**27.** सरकारी विद्यालयों में नामांकन में बिहार का कौन सा जिला 93 प्रतिशत नामांकन के साथ शीर्ष स्थान पर है?
(a) मधुबनी (b) सहरसा
(c) सुपौल (d) पूर्णिया

**28.** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष 2022 के शीर्ष पुलिस थानों में बिहार के किस महिला पुलिस थाने को प्रथम तीन में जगह दिया गया है?
(a) गया महिला पुलिस थाना
(b) अरवल महिला पुलिस थाना
(c) जहानाबाद महिला पुलिस थाना
(d) इनमें से कोई नहीं

**29.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 14 जुलाई 2023 को पुस्तक 'पटना, खोया हुआ शहर' का विमोचन किया यह पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) अमित सिंह (b) अरुण सिंह
(c) सुमित सिंह (d) अजय सिंह

**30.** चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग में बिहार किन प्रमुख व्यक्तियों का योगदान रहा?
(a) रवि कुमार (b) अमिताभ
(c) सुधांशु कुमार (d) इनमें से सभी

**31.** स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभ के लिए निम्नलिखित में से कौन से पाठ्यक्रम शामिल है?
(a) पॉलिटेकनिक
(b) आईटीआई
(c) बीएड
(d) इनमें से सभी

**32.** हाल ही में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर जी की पुस्तक ......... का विमोचन पटना में किया गया।

(a) समजावद (b) समानता
(c) जातिप्रथा (d) इनमें से कोई नहीं

**33.** हाल ही में किसे केंद्रीय चयन पर्षद का नया अध्यक्ष बनाया गया है?

(a) श्रीकांत द्विवेदी (b) अजय कुमार चौधरी
(c) केवी सामंत (d) एसके सिंघल

**34.** बिहार के किस संस्था को 6जी पर शोध के लिए चुना गया एवं उसे नोडल केंद्र बनाया गया है?

(a) आईआईटी पटना (b) एनआईटी पटना
(c) एमआईटी मुजफ्फपुर (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** एनटीपसी संयंत्रों से कितना मेगावाट बिजली उत्पादन के साथ बिहार बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है?

(a) 6560 मेगावाट (b) 6700 मेगावाट
(c) 6943 मेगावाट (d) 7123 मेगावाट

**36.** 'बिहार बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2023' के तहत जैव इंधन इकाई लगाने के लिए राज्य सरकार कितना अनुदान देगी?

(a) 10 प्रतिशत, 2 करोड़ रुपए
(b) 15 प्रतिशत, 3 करोड़ रुपए
(c) 15 प्रतिशत, 5 करोड़ रुपए
(d) 12 प्रतिशत, 10 करोड़ रुपए

**37.** निम्नलिखित में से बिहार के किस जिले में 'मलमास मेला' का आयोजन किया जा रहा है?

(a) बोधगया (गया)
(b) राजगीर (नालंदा)
(c) मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)
(d) पटना साहिब (पटना)

**38.** 10 जुलाई 2023 को बिहार में प्रारंभ राज्य स्तरीय वन महोत्सव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है?

I) इसकी शुरुआत मुख्य सचिवालय परिसर से पौधारोपण के साथ की गई।
II) इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया।
III) पर्यावरण, वन एवं जवायु परिवर्तन विभाग ने प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी नर्सरी से 5 पौधा नि:शुल्क देने की घोषणा की।

(a) I एवं II (b) II एवं III
(c) I एवं III (d) इनमें से कोई नहीं

**39.** हाल ही में अटल मिथिला सम्मान सह बिहार विमर्श कार्यक्रम का भव्य आयोजन कहां किया गया?

(a) पटना (b) नई दिल्ली
(c) लखनऊ (d) रांची

**40.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जीवन पर आधारित 'अतरंग दोस्तों की नजर में नीतीश कुमार' पुस्तक का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने किया, यह किताब किसके द्वारा लिखी गई है?

(a) अभ्य गुप्ता (b) सुयश कुमार
(c) उदय कांत (d) अभिजीत गुप्ता

**41.** 10 जुलाई 2023 को भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(a) यह उनकी 52वीं स्मृति दिवस है।
(b) उनका जन्म 18 दिसंबर 1887 को सिवान में हुआ था।
(c) वे बिहार के प्रसिद्ध लोक गायक, लेखक एवं नाटककार थे।
(d) इनमें से कोई नहीं

**42.** हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु को पीछे छोड़ते हुए भारत में सबसे अधिक सूक्ष्म उधार लेने वाला राज्य कौन बन गया है?

(a) बिहार (b) झारखंड
(c) उत्तर पदेश (d) पश्चिम बंगाल

**43.** जुलाई 2023 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी स्कूली शिक्षा सूचकांक के परफॉर्मेन्स ग्रेडिंग इंडेक्स के संबंध में निम्नलिखित में कौन सा कथन सही है?

I) केरल का काल्लम और तिरुअनंतपुरम देश का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित हुआ।
II) बिहार में नालंदा जिला प्रथम स्थान पर रहा।
III) अररिया तथा सुपौल बिहार का सबसे खराब स्थिति वाला जिला रहा।

(a) I एवं II (b) II एवं III
(c) I, II एवं III (d) इनमें से कोई नहीं

**44.** कर्नाटक में आयोजित 40वें राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिहार के बुगूसराय की किस खिलाड़ी ने रजत पदक जीता?

(a) सुमन कुमारी (b) निशा कुमारी
(c) कंचन कुमारी (d) दिव्या कुमारी

**45.** नई दिल्ली में आयोजित 92वें स्कॉच सम्मिट इंडिया इकोनामिक फोरम में किस राज्य के श्रम संसाधन विभाग को चाइल्ड लेबर ट्रैकिंग सिस्टम के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) राजस्थान

**46.** जुलाई 2023 में बिहार के किस जिले में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने देशरत्न 'डॉ राजेन्द्र प्रसाद स्मृति पार्क' का उद्घाटन किया?

(a) पटना (b) मुजफ्फरपुर
(c) वैशाली (d) नालंदा

47. बिहार वन विभाग तथा बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से किए गए सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(a) बिहार में 205 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां है।
(b) भागलपुर तथा जमुई में जलीय पक्षी प्रजातियों की संख्या सर्वाधिक है।
(c) बेगूसराय में स्थलीय पक्षियों सं संख्या सर्वाधिक है।
(d) इनमें से कोई नहीं

48. बिहार लघु जल संसाधन विभाग ने बारसात के समय मे पानी को स्टोर करने के लिए किस जिले के खिजरसराय प्रखंड में गारलैंड ट्रेंच का निर्माण किया है?
(a) औरंगाबाद (b) गया
(c) कैमूर (d) रोहतास

49. हाल ही में बिहार के किस जिले में जहरीली मादक पदार्थों की पहचान के लिए रसायन परीक्षण केंद्र खोले जाने की घोषणा की गई है?
(a) मधुबनी (b) सुपौल
(c) सहरसा (d) दरभंगा

50. 5 जुलाई 2023 को रामविलास पासवान की 77 वीं जयंती मनाई गई, उनके संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
(a) वे लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक थे।
(b) उन्हें 2021 में मरणोपरांत पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।
(c) वे केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री रह चुके थे।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (b) | 02. | (d) | 03. | (a) | 04. | (c) | 05. | (b) |
| 06. | (a) | 07. | (c) | 08. | (b) | 09. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (c) | 13. | (b) | 14. | (c) | 15. | (d) |
| 16. | (b) | 17. | (d) | 18. | (b) | 19. | (a) | 20. | (d) |
| 21. | (a) | 22. | (c) | 23. | (c) | 24. | (d) | 25. | (b) |
| 26. | (d) | 27. | (c) | 28. | (b) | 29. | (b) | 30. | (d) |
| 31. | (d) | 32. | (c) | 33. | (d) | 34. | (a) | 35. | (c) |
| 36. | (c) | 37. | (b) | 38. | (d) | 39. | (b) | 40. | (c) |
| 41. | (b) | 42. | (a) | 43. | (c) | 44. | (a) | 45. | (c) |
| 46. | (b) | 47. | (d) | 48. | (b) | 49. | (c) | 50. | (d) |

●●●

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-54

### मध्यपाषाण-युग के शैल चित्र

- हाल ही में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India&ASI) की एक टीम द्वारा आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में मध्यपाषाण काल (Mesolithic-era) के एक शैल चित्र (Rock Painting) की खोज की गई है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मंदिर सर्वेक्षण परियोजना (Temple Survey Project) के दौरान इसकी खोज हुई।

***मुख्य बिंदु***

- प्राप्ति स्थल: ASI को टीम को निचली नदी कृष्णा घाटी (Lower River Krishna Valley) का सर्वेक्षण करते समय एक गुंटूर जिले के ओरवाकल्लु गांव के पहाड़ी पर प्राकृतिक रॉक आश्रयों (Natural Rock Shelters) की दीवारों और छत पर इस शैल चित्र को प्राप्ति हुई।
- **चित्रण:** इस शैल चित्र में एक व्यक्ति को भूमि को जोतते हुए चित्रित किया गया है।
- **समयावधि:** इन चित्रों की विशेषताओं के आधार पर इनके 5,000 ठब की बने होने की पुष्टि हुई है।
- **रंग प्रयोग:** इस चित्र को प्राकृतिक सफेद काओलिन (White Kaolin) और लाल गेरू रंग (Red Ochre Pigments) से बनाया गया है।
- गेरू मिट्टी, रेत और फेरिक ऑक्साइड से बना एक रंगद्रव्य है। काओलिनाइट एक नरम, मिट्टी जैसा सफेद खनिज है, जो फेल्डस्पार जैसे एल्युमीनियम सिलिकेट खनिजों के रासायनिक अपक्षय द्वारा निर्मित होता है।

***महत्वपूर्ण भित्ति चित्र स्थल***

- **अजंता गुफा:** अजंता गुफा महाराष्ट्र में औरंगाबाद जिले में स्थित है। सन 1819 में एक अंग्रेज शिकारी जान स्मिथ ने इन गुफाओं को खोज निकाला। महाभिनिष्क्रमण का चित्रण 16वीं गुफा में है और इसमें सिद्धार्थ के गृहत्याग का चित्रण किया गया है।
- **बाघ की गुफाएं:** बाघ की गुफाएं मध्य प्रदेश में धार जिले की कुक्षी तहसील में स्थित विंध्य पर्वत श्रेणी में अवस्थित हैं। इसमें कुल 9 गुफाएं हैं, जो अजंता के समकालीन हैं। बाघ की गुफाओं में बौद्ध धर्म के अलावा सामान्य जीवन के चित्र भी बहुतायत में मिलते हैं।
- **ऐलोरा की गुफा:** ऐलोरा की गुफा में भारत के तीनों प्राचीन धर्मों (हिन्दू, जैन एवं बौद्ध) से संबंधित भित्ति चित्र पाए जाते हैं। इनमें से सबसे प्रभावशाली, कैलाशनाथ मंदिर के विभिन्न हिस्सों की छत पर पेंटिंग के कई टुकड़े हैं। इसे राष्ट्रकूट राजा कृष्ण प्रथम के संरक्षण में विकसित किया गया था और यह भगवान शिव को समर्पित है।
- **बादामी गुफा चित्र:** बादामी प्रारंभिक चालुक्य वंश की राजधानी थी। इस गुफा के चित्रों में महल के दृश्यों को दर्शाया गया है। इसमें ब्राह्मण- हिन्दू धर्म, जैन धर्म से संबंधित चित्रकला का प्राचीनतम साक्ष्य विद्यमान है। यहां शिव-पार्वती, नटराज तथा इंद्र सभा का चित्रण दर्शनीय है।

***मध्यपाषाण काल***

- **मध्यपाषाण काल** (Mesolithic ) मनुष्य के विकास का वह अध्याय है, जो पुरापाषाण काल और नवपाषाण काल के मध्य में आता है।
- इस काल में पशुपालन का प्रारंभिक साक्ष्य प्राप्त होने लगते हैं तथा इसी काल में मानव ने सर्वप्रथम तीर कमान का विकास किया।
- इस काल के दौरान पाए गए पत्थरों के उपकरण आम तौर पर छोटे होते हैं और माइक्रोलिथ कहलाते हैं।
- यह लगभग 12,000 वर्ष पूर्व से प्रारंभ होकर लगभग 10,000 वर्ष पूर्व तक का काल है।
- **संबंधित स्थल:** सराय नाहर राय एवं महादहा सबसे पुराने मध्य पाषाण कालिक स्थल है। युद्ध का प्रारंभिक साक्ष्य सराय नाहर राय से मिला है।

### दिल्ली के पुराना किला क्षेत्र में पुरातात्विक साक्ष्य

- हाल ही में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा दिल्ली के पुराना किला (Purana Qila or Old Fort) में खुदाई के दौरान पूर्व मौर्य काल (Pre&mauryan Era) के पश्चात से लगातार मानव निवास के प्रमाण मिले हैं। यहां से मोतियों, मुहरों, तांबे के सिक्कों और एक हड्डी की सुई आदि साक्ष्यों को पाया गया है।

***खुदाई में प्राप्त अन्य प्रमुख वस्तुएं***

- **पूर्व मौर्य काल:** इस काल से संबंधित चित्रित धूसर मिट्टी के वर्तन (Painted Gray Ware) के टुकड़े पाए गए हैं जो लगभग 1200 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के हैं।
- राजपूत काल के अवशेष: वर्तमान खुदाई में राजपूत काल (Rajput period) से संबंधित 900 वर्ष पुराना वैकुंठ विष्णु (टंपानदजीं टर्पीदन) के अवशेष पाए गए हैं।
- **गुप्त काल:** इस काल की गज लक्ष्मी देवी (Gaja Lakshmi Goddess) की एक टेराकोट्टा पट्टिका (Terracotta Plaque) पाई गई है।
- **मौर्य काल:** इस काल से संबंधित 2,500 साल पुराने टेराकोट्टा रिंग कुएं (Terracotta Ring Well) के संरचनात्मक अवशेष भी मिले हैं।
- शुंग-कुषाण काल: शुंग-कुषाण काल से संबंधित अवशेष पाए गए हैं।
- इनमें एक अच्छी तरह से सुरक्षित चार कमरे का परिसर (Four-Room Complex) पाई गई है जिसके निर्माण का काल 2,300 साल पहले का माना जा रहा है।

**पुराना किला**

- **परिचय:** पुराना किला को दिल्ली के सबसे पुराने वास्तुकला के 4 बेहतरीन नमूनों में से एक माना जाता है।
- कई इतिहासकारों का मानना है कि यह 'इंद्रप्रस्थ' नामक स्थल है, जैसा कि महाभारत में उल्लेख किया गया है।
- **निर्माण:** वर्तमान किले को पहले मुगल बादशाह हुमायूँ के द्वारा बनाया गया था तथा यह किला हुमायूँ के शासन के दौरान दीन पनाह शहर का आंतरिक गढ़ था।
- **सूरी वंश एवं पुनर्निर्माण:** सूरी वंश के संस्थापक शेर शाह सूरी ने 1540 में हुमायूँ को हराकर किले का नाम शेरगढ़ रखा। इसका पुनर्निर्माण शेर शाह सूरी के शासनकाल में भी किया गया था। उन्होंने अपने पांच साल के शासनकाल के दौरान परिसर में कई और संरचनाएं जोड़ीं।

***खुदाई के दौर***

- **प्रथम:** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पूर्व महानिदेशक बी.बी. लाल ने सर्वप्रथम इस स्थल की खुदाई 1954 और 1969-73 में किया था।
- **द्वितीय तृतीय:** इसके पश्चात दूसरे दौर की खुदाई 2013-14 और 2017-18 में की गई थी। जनवरी 2023 से इसकी खुदाई का तीसरा दौर प्रारंभ किया गया था।
- **निष्कर्ष:** इन खुदाई से प्राप्त प्रमाण दर्शाते हैं कि यह स्थल पूर्व मौर्य, मौर्य, शुंग, कुषाण, गुप्त, उत्तर-गुप्त, राजपूत, सल्तनत और मुगल सहित नौ सांस्कृतिक स्तरों को प्रकट करता है।
- इसके साथ ही इन सभी ऐतिहासिक अवधियों का प्रतिनिधित्व भी करता है।

## खारची पूजा

- 26 जून, 2023 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खारची पूजा (Kharchi Puja) के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस पूजा को 14 देवताओं का त्योहार भी कहा जाता है, जो त्रिपुरी लोगों (Tripuri People) के कुल देवता (Dynasty Deity) माने जाते हैं।
- ***खारची पूजा के बारे में मुख्य बिंदु 'परिचय:*** 'खारची' शब्द दो त्रिपुरी शब्दों से बना है- 'खर' या खरता; जिसका अर्थ है 'पाप' और 'ची' या 'सी' जिसका अर्थ है 'सफाई'।
- **इतिहास:** खारची पूजा 14 देवताओं के मंदिर परिसर अगरतला में मनाया जाता है। 14 देवताओं का मंदिर महाराजा कृष्ण माणिक्य के शासनकाल के दौरान बनाया गया था।
- यह एक सदियों पुरानी परंपरा है, जो लगभग 1760 से मनाई जा रही है। यह । सप्ताह तक चलने वाली शाही पूजा है।
- **आयोजन तिथि:** यह पूजा प्रतिवर्ष शुक्ल अष्टमी के दिन मनाई जाती है, जो आषाढ़ माह के आठवें दिन पड़ती है। चंद्र कैलेंडर के आधार पर, त्योहार की सटीक तिथियां हर साल बदलती रहती हैं। यह उत्सव लगातार सात दिनों तक मनाया जाता है।
- **लोक मान्यताएं:** यह त्यौहार अंबु बाची **(Ambu Bachi)** या अंबु पेची **(Ambu Pechi)** के 15 दिन बाद होता है। त्रिपुरी लोक मान्यताओं के अनुसार अम्बु पेची देवी माथ या पृथ्वी माता के मासिक धर्म का प्रतीक है।
- लोक मान्यता है कि देवी के मासिक धर्म के दौरान पृथ्वी अशुद्ध हो जाती है। इसलिए, मासिक धर्म समाप्त होने के बाद पृथ्वी को अनुष्ठानिक रूप से साफ करने और लोगों के पापों को धोने के लिए इस पूजा को की जाती है।

***खारची पूजा अनुष्ठान***

- ***चतुर्दश मंडप का निर्माण:*** इस महोत्सव की शुरुआत पवित्र मंत्रोच्चार के साथ शुरू होता है। त्यौहार का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान चतुर्दश मंडप का निर्माण है, जो त्रिपुरी राजाओं के शाही महल का प्रतीक है।
- इसका निर्माण पारंपरिक कारीगरों द्वारा किया जाता है, जो बांस और फूस की छतों से संरचना तैयार करते हैं।
- ***मूर्तियों का स्नान कराया जाना:*** मुख्य पूजा के दिन, प्राचीन उज्जयंता महल (Ujjayanta Palace) से सभी 14 देवताओं की मूर्तियों को शाही पुजारी द्वारा अगरतला के मंदिर परिसर से पवित्र सैदरा नदी (Saidra river) तक ले जाया जाता है।
- इन मूर्तियों को पुजारी के द्वारा नदी में स्नान कराया जाता है। इसके साथ ही पूजा के लिए नदी का जल मंदिर परिसर में भी लाया जाता है।

## सांस्कृतिक पर्यटन

**चार धाम यात्रा**

- हाल ही में, उत्तराखंड सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल, 2023 को शुरू हुए चार धाम यात्रा में 31,78,000 से अधिक लोग बद्रीनाथ-केदारनाथ गंगोत्री-यमुनोत्री मंदिरों के दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष यात्रा सीजन के प्रारंभिक 65 दिनों में 149 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई।

***चार धाम***

- **यमुनोत्री:** उत्तरकाशी जिले की यमुना घाटी में स्थित है यमुनोत्री यमुना का वास्तविक स्रोत जमी हुई बर्फ की एक झोल और हिमनद चंपासर ग्लेशियर है। यह कालिंदी पर्वत पर स्थित है। यमुनोत्री देवी श्यमुनाश के लिए समर्पित है।
- **गंगोत्री:** उत्तरकाशी जिले में ग्रेटर हिमालय रेंज में स्थित गंगोत्री धाम को गंगा का उद्‌गम माना गया है। गंगा का उद्‌गम स्रोत यहां से लगभग 19 किमी. दूर गोमुख स्थित गंगोत्री ग्लेशियर में है। यह तीर्थस्थल देवी श्गंगाश के लिए समर्पित है।
- **केदारनाथ:** रुद्रप्रयाग जिले में मंदाकिनी और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित केदारनाथ धाम 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। केदारनाथ भगवान् शिव के लिए समर्पित है। यह पंच केदार का हिस्सा है।
- यह सबसे उत्तर में स्थित ज्योतिर्लिंग है। यह पवित्र मन्दाकिनी नदी के स्रत के निकट स्थित है।
- **बद्रीनाथ:** उत्तराखंड के चमोली जिले में अलकनंदा नदी के किनारे स्थित भू-वैकुंठ बद्रीनाथ धाम भगवान विष्णु को समर्पित है।

***यात्रा का महत्व***

- **धार्मिक महत्व:** चार धाम यात्रा जितनी दिव्य मानी जाती है. उतनी ही कठिन भी होती है। यहां जाने के लिए दुर्गम रास्ते से हो कर गुजरना पड़ता है।
- **सांस्कृतिक महत्व:** उत्तराखंड में यह यात्रा न केवल एक उत्सव के रूप में देखा जाता है, बल्कि उत्तराखंड के संस्कृति का भी हिस्सा है।
- **राजस्व और रोजगार:** इसके द्वारा उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर राजस्व और रोजगार पैदा होते हैं। यह यात्रा 10 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करती है. जैसे गाइड, होटल, रेस्तरां और भोजनालयों के कर्मचारी, कैब ड्राइवर, हस्तशिल्प उद्योग आदि।

***चार धाम परियोजना***

- चार धाम परियोजना के तहत चार प्रमुख तीर्थस्थल यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ तथा बद्रीनाथ को शामिल किया गया है। यह तीर्थस्थल उत्तराखंड के हिमालय में स्थित है।
- इस प्रोजेक्ट के तहत पवित्र हिंदू तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का **900 किलोमीटर** का विकास और विस्तार किया जाएगा।
- राजमार्ग को चार धाम महामार्ग (चार धाम राजमार्ग) कहा जाएगा और राजमार्ग निर्माण परियोजना को चार धाम महामार्ग विकास परिषद (चार धाम राजमार्ग विकास परियोजना) कहा जाएगा।
- चार धाम यात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है. इसके बाद यात्रा गंगोत्री से होते हुए केदारनाथ तक पहुंचती है, अंत में यह यात्रा बद्रीनाथ में समाप्त होती है।
- सड़कों को **12 मीटर से 24 मीटर** तक चौड़ा किया जाएगा और इस परियोजना में सुरंगों बाईपास, पुलों, उप-मार्गों और पुल का निर्माण किया जाएगा।